जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 31.01.2014

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2013/618)**

## 2 एवं 3 फरवरी 2014 की रात को 7 घंटो के लिये पीआरएस सेवा बंद रहेगी

रेलवे प्रशासन द्वारा दिल्ली कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) को बेहतर बनाने के लिये दिनांक 2 फरवरी 2014 को रात्रि 08.00 बजे से 3 फरवरी को तडके 03.00 बजे तक 7 घण्टों के लिये यात्री आरक्षण प्रणाली सेवा (पीआरएस) बंद रहेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार दिल्ली स्थित कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) को बेहतर बनाने के लिये दिनांक 2 फरवरी 2014 को रात्रि 08.00 बजे 3 फरवरी को 03.00 बजे तक 7 घंटो के लिये यात्री आरक्षण प्रणाली बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान चार्टिंग, टच स्क्रीन, चालू आरक्षण, निरस्तीकरण, कोचिंग रिफण्ड, आईआरसीटीसी की टिकटिंग और कॉल सेंटर (टेलीफोन नं. 139) के माध्यम से होने वाली दिल्ली पीआरएस की पूछताछ प्रणाली बंद रहेगी। इस अवधि दिल्ली कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) से संबंधित सभी टिकट रिफण्ड एवं करंट आरक्षण मैनूअली किये जायेंगें।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**